क्या सुप्रीम कोर्ट मुहर लगाए तभी देश में कोई कानून बनेगा : जगदीप धनखड़

संसद के कामकाज में अदालती दखलअंदाजी पर उपराष्ट्रपति ने नाराजगी जताई

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने संसद के कामों में सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप पर खुलकर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि "संसद कानून बनाता है और सुप्रीम कोर्ट उसे रद्द कर देता है। क्या संसद द्वारा बनाया गया कानून तभी कानून होगा, जब उस पर कोर्ट की मुहर लगेगी। धनखड़ ने यह बात बुधवार को राजस्थान विधानसभा में आयोजित 83वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में कही। उपराष्ट्रपति के साथ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी अदालती हस्तक्षेप पर नाराजगी जताई। विधानसभा अध्यक्ष सी.पी.जोशी ने कार्यपालिका को तानाशाह बताया।

राजस्थान विधानसभा में 83वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन का आयोजन किया गया। उद्घाटन करने वालों में बायें से राजस्थान विधानसभाध्यक्ष डॉ.सी.पी.जोशी, लोकसभाध्यक्ष ओम बिड़ला, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत मौजूद थे।

- **लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि "अदालतें मर्यादा का पालन करें, अपनी शक्तियों का संतुलन भी बनाए। हमारे सदनों के अध्यक्ष यही चाहते है।"**
- **राजस्थान विधानसभाध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी ने कहा "स्पीकर हैल्पलेस है, सिर्फ रैफरी बने हुए हैं।"**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि वर्ष 1973 में एक बहुत गलत परंपरा चालू हुई। केशवानंद भारती केस में सुप्रीम कोर्ट ने बेसिक स्ट्रक्चर का आइडिया दिया कि संसद संविधान संशोधन कर सकती है, लेकिन इसके बेसिक स्ट्रक्चर को नहीं। कोर्ट को सम्मान के साथ कहना चाहता हूं कि इससे मैं सहमत नहीं। हाउस बदलाव कर सकता है, यह सदन बताए कि क्या इसे किया जा सकता है? क्या संसद को यह अनुमति दी जा सकती है कि उसके फैसले को कोई और संस्था रिव्यू करे?

धनखड़ ने आगे कहा कि जब मैंने राज्यसभा के सभापति का चार्ज लिया तब कहा था कि न तो कार्यपालिका कानून को देख सकती है, न कोर्ट हस्तक्षेप कर सकती है। संसद के बनाए कानून को किसी आधार पर कोई संस्था अमान्य करती है तो प्रजातंत्र के लिए ठीक नहीं होगा। तब तो यह कहना मुश्किल होगा कि हम लोकतांत्रिक देश है।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भी कहा कि देश की न्यायपालिका भी मर्यादा का पालन करें। न्यायपालिका से उम्मीद की जाती है कि जो उनको संवैधानिक अधिकार दिया है, उसका उपयोग करें। साथ ही अपनी शक्तियों का संतुलन भी बनाए। हमारे सदनों के अध्यक्ष यही चाहते है।

इसी तरह राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी कहा कि कई बार न्यायपालिका से मतभेद होते हैं। ज्यूडिशियरी हमारे कामों में हस्तक्षेप कर रही है। इंदिरा गांधी ने प्रिवी पर्स खत्म किए थे, इसे ज्यूडिशियरी ने रद्द कर दिया था। बाद में बैंकों के राष्ट्रीयकरण से लेकर उनके सब फैसलों के पक्ष में जजमेंट आए। इसी तरह राज्यसभा सभापति हरिवंश ने भी विधायिका, न्यायपालिका व कार्यपालिका में सामंजस्य स्थापित करने की बात दोहराई।

इसी तरह राजस्थान विधानसभा के स्पीकर डॉ. सीपी जोशी ने कहा कि आज संसदीय लोकतंत्र के सामने कई चुनौतियां हैं। आज कार्यपालिका की तानाशाही है। विधानसभा सदनों की बैठकें ही कम हो रही हैं तो सरकार को जवाबदेह कौन बनाएगा। विधानसभा स्पीकर तो हेल्पलेस हैं। विधानसभा के स्पीकर तो केवल रेफरी हैं। स्पीकर विधानसभा नहीं बुला सकते हैं। यह काम सरकार करती है। दुर्भाग्य यह है कि हम केवल हाउस चलाते हैं। बाकी कोई पावर नहीं हैं, स्पीकर हेल्पलेस है।

'न्याय सुगम बनाने में मील का पत्थर साबित होगा लीगल एड डिफेंस काउसिंल सिस्टम'

मुख्य न्यायाधिपति एवं मुख्य संरक्षक, राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंकज मित्थल ने बुधवार को न्यू हाइकोर्ट बिल्डिंग में लीगल एड डिफेंस काउसिंल सिस्टम के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित किया।

जयपुर, (का.सं.)। मुख्य न्यायाधिपति एवं मुख्य संरक्षक, राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंकज मित्थल ने कहा कि लीगल एड डिफेंस काउसिंल सिस्टम राज्य में कमजोर एवं वंचित वर्ग के व्यक्तियों को फौजदारी मामलों में सक्षम एवं प्रभावी विधिक सहायता प्रदान कराने तथा उनकी न्याय तक सुगम बनाने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा। मित्थल बुधवार को न्यू हाइकोर्ट बिल्डिंग में लीगल एड डिफेंस काउसिंल सिस्टम के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मुख्य न्यायाधिपति ने कहा कि लीगल एड डिफेंस काउसिंल सिस्टम लागू करने का विचार यूरोप के पब्लिक डिफेंडर सिस्टम के समकक्ष है। इसके माध्यम से समाज के कमजोर एवं वंचित वर्ग के पात्र व्यक्तियों को फौजदारी मामलों में द्वाचांगत सक्षम एवं प्रभावी विधिक सेवाएं उपलब्ध करवाई जाकर उनकी न्याय तक पहुंच को अधिक सुगम बनाया जा सकेगा।

न्यायाधिपति मनिन्द्र मोहन श्रीवास्तव एवं कार्यकारी अध्यक्ष, राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि मुख्य न्यायाधिपति के कर कमलों से राजस्थान राज्य के 23 न्यायक्षेत्रों में लीगल एड डिफेंस काउसिंल का शुभारंभ किया है। उन्होंने कहा कि शेष 13 न्यायक्षेत्रों में सिस्टम की प्रक्रिया विचाराधीन है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय सेवा प्राधिकरण द्वारा लीगल एड डिफेंस काउसिंल सिस्टम को देश में 22 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरणों के 365 जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों में प्रारंभ किया जा रहा है। इसके अंतर्गत प्रथम फेज में राजस्थान के समस्त 36 न्यायक्षेत्रों में लीगल एड डिफेंस काउसिंल सिस्टम को प्रारंभ करने का निर्णय भी लिया गया है।

प्रशासनिक न्यायाधिपति संदीप मेहता, राजस्थान उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति, जोधपुर के अध्यक्ष न्यायाधिपति विजय बिश्नोई, जज-इन्चार्ज-मीडियेशन, जोधपुर न्यायाधिपति अरूण भंसाली भी लीगल एड डिफेंस काउसिंल सिस्टम के लॉचिंग समारोह से जुडें।

'संसद-विधानसभा में जनप्रतिनिधियों को अशोभनीय बर्ताव चिंताजनक'

जयपुर (कासं)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने संसद और विधानसभाओं में जनप्रतिनिधियों के अशोभनीय रवैये पर नाराजगी जाहिर की।

धनखड़ ने कहा कि आज संसद और विधानसभाओं में हमारे चुने हुए जनप्रतिनिधियों का बर्ताव संसद और विधानसभा सदनों में बहुत गिरता जा रहा है। इस निराशाजनक माहौल का समाधान निकाला जाए, इसके अलावा कोई विकल्प नहीं है। संसद और विधानसभा सदनों में जनप्रतिनिधियों के अशोभनीय बर्ताव से जनता नाराज है। गले नहीं उतरता कि संविधान की शपथ लेने वाले जनप्रतिनिधि ऐसे आचरण करते है। लोग सोचते हैं कि हमारे चुनकर भेजे हुए जनप्रतिनिधि रास्ता दिखाएंगे। दरअसल बुधवार को राजस्थान विधानसभा में 83वां अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों का सम्मेलन शुरू हुआ। देश के अलग-अलग राज्यों के प्रतिनिधि इस सम्मेलन में शरीक होने जयपुर पहुंचे है। सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि 40 साल से मैंने भी देखा है। कई बार हाउस नहीं चलता। दस-दस दिन तक गतिरोध चलता है। फिर भी पक्ष और विपक्ष मिलकर भूमिका निभाते हैं। पक्ष-विपक्ष अपनी-अपनी बात करते हैं, जब 75 साल निकल गए हैं तो देश का भविष्य बहुत उज्ज्वल है। हम संविधान की रक्षा करें। कई बार उस पर भी सवाल उठते हैं। देश में जो माहौल होता है, उसका लोकसभा-विधानसभा हाउस पर भी फर्क पड़ता है।

'गहलोत भाजपा की चिंता छोड़ें'

जयपुर। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने कहा कि, अशोक गहलोत भाजपा की चिंता छोड़ें, अपने गिरेबान में झांको, जिनके अपने घर शीशे के होते हैं वो दूसरों पर पत्थर नहीं फेंका करते।

सरस का दुग्ध संकलन 50 लाख के पार पहुंचा

जयपुर, (का.सं.)। एक ही दिन में रिकार्ड 50 लाख लीटर से अधिक दूध का संकलन कर राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फैडरेशन ने नया इतिहास रचा है। डेयरी फैडरेशन के 45 वर्षों के इतिहास में एक ही दिन में यह सर्वाधिक दुग्ध संकलन है।

राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी की प्रशासक और प्रबन्ध संचालक सुषमा अरोड़ा ने बताया कि 10 जनवरी को राजस्थान राज्य में फैडरेशन से जुड़े 24 जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघों में 52 लाख 51 हजार लीटर दूध संकलित कर रिकार्ड बनाया है। इसमें जयपुर जिला दुग्ध संघ का हिस्सा लगभग आधा है।

ज्योतिष-हस्तरेखा की कक्षाये 15 से

जयपुर, (का.सं.)। भारतीय ज्योतिष विज्ञान एवम वैदिक खगोल शास्त्र संस्था द्वारा ज्योतिष ,वास्तु, हस्तरेखा की क्लास 15 जनवरी से (एन.एस.वी.) 32 नेहरू प्लेस टोंक रोड पर प्रारम्भ हो रही है ।

संस्था अध्यक्ष प. प्रेम शंकर शर्मा ने बताया कि संस्था विगत 22 वर्षों से ज्योतिष की शिक्षा प्रदान कर रही है । आजकल युवा वर्ग ज्योतिष के क्षेत्र में अपना करियर बना रहे है । संस्था द्वारा विद्यार्थियो को प्रशिक्षण पूर्ण करने के उपरांत प्रैक्टिकल हेतु प्लेटफार्म भी प्रदान किये जाते है। संस्था से पढ़े हुए कई विद्यार्थियों ने स्व रोजगार के रूप में इसे अपनाया है। सभी विद्यार्थियों को किताबे, ज्योतिष सिद्धान्त पत्रिका इत्यादि संस्था द्वारा नि:शुल्क दिया जाता है।

कोटा जेके लोन अस्पताल में उचित व्यवस्था बनाए रखे सरकार : हाईकोर्ट

जयपुर, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने कोटा के जेके लोन अस्पताल में बच्चों की मौत के मामले में दायर जनहित याचिका का निस्तारण करते हुए राज्य सरकार को कहा है कि वह अस्पताल में उचित व्यवस्था बनाए रखे। अदालत ने कहा कि मामले में राष्ट्रीय बाल अधिकारिता आयोग की रिपोर्ट से पता चलता है कि अस्पताल में सभी सुविधाएं और संसाधन हैं। इसलिए इस जनहित याचिका में आगे निर्देश देने की जरूरत नहीं है। अदालत की राय में जनहित याचिका दायर करने का उद्देश्य भी पूरा हो गया है। सीजे पंकज मित्थल और जस्टिस शुभा मेहता की खंडपीठ ने यह आदेश डॉ. मिथिलेश कुमार गौतम की जनहित याचिका का निस्तारण करते हुए दिए।

सुनवाई के दौरान राष्ट्रीय बाल अधिकारिता आयोग की ओर से कहा गया अस्पताल में दिसंबर, 2019 में 77 बच्चों की मौत को लेकर आयोग की सदस्य सचिव रुपाली सिंह, वरिष्ठ विशेषज्ञ शाइस्ता खान और बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अविनाश बंसल का निरीक्षण टीम बनाई गई थी। टीम ने 28 मार्च, 2022 को अस्पताल का दौरा किया था। जिसमें पाया गया कि अस्पताल में पर्याप्त संसाधन और सुचारू व्यवस्थाएं हैं और सिर्फ नर्सिंग स्टाफ बढ़ाने की जरूरत है। वहीं राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता सत्येन्द्र सिंह राघव ने कहा कि नर्सिंग स्टाफ बढ़ाने को लेकर उचित कदम उठाए जा रहे हैं। एनसीपीसीआर की रिपोर्ट को देखने के बाद अदालत ने अस्पताल में उचित व्यवस्थाएं बनाए रखने के निर्देश देते हुए जनहित याचिका का निस्तारण कर दिया। जनहित याचिका में कहा गया था कि अस्पताल में सुचारू व्यवस्था नहीं होने के चलते दिसंबर, 2019 में बड़ी संख्या में नवजात की मौत हुई है। यहां तक की वेंटिलेटर और वार्मर खराब पड़े हैं और आईसीयू के शीशे टूटे होने के कारण बच्चों को सर्दी झेलनी पड़ी। वहीं राज्य सरकार की ओर से कहा गया था कि मरने वाले बच्चों में से अधिकांश का पूर्व में निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था और उन्हें अति गंभीर होने पर जेके लोन अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

जयपुर से ट्रक चुराकर मेवात में बेचने वाला बदमाश गिरफ्तार

हरमाड़ा पुलिस ने गिरोह के सरगना को दबोचा, ट्रक भी बरामद किया

जयपुर (कासं)। राजधानी जयपुर में ट्रक चुराकर मेवात में औने-पौने दामों में बेचकर अपने शौक पूरे करने वाले आरोपित को हरमाड़ा थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपित गिरोह का सरगना भी है, जिसके खिलाफ संगीन मामलों में विभिन्न थानों में दो दर्जन से अधिक मामले दर्ज है। पुलिस ने सरगना के कब्जे से चोरी गया ट्रक बरामद किया है।

हरमाड़ा थाना पुलिस ने जयपुर शहर में ट्रक चुराने वाले बदमाश जैद को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चुराया हुआ ट्रक जब्त किया।

- **अलवर में बहला टोल प्लाजा पर कर्मचारियों ने रोका तो बदमाशों ने की थी फायरिंग**

डीसीपी (वेस्ट) वंदिता राणा ने बताया गिरोह का सरगना जैद उर्फ जावेद उर्फ लकोरी (34) निवासी सिंगार नगला खेडा जिला नूंह, हरियाणा को गिरफ्तार किया गया है। आरोपित जयपुर से ट्रकों की चोरी कर मेवात ले जाकर बेच देता है, इससे मिले रुपयों से अपना शौक पूरा करते है। आरोपी से चोरी किया गया ट्रक भी बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपित के खिलाफ लूट, डकैती, हत्या का प्रयास, अवैध हथियार के करीब दो दर्जन प्रकरण दर्ज है। आरोपित ने जयपुर से एक दर्जन से अधिक ट्रक चोरी कर ले जाना कबूल किया है। एडिशनल डीसीपी रामसिंह ने बताया शहर में अचानक बढ़ी ट्रक चोरी की घटनाओं को लेकर एक विशेष टीम गठित कर मेवात रवाना की गई।

टीम ने मेवात क्षेत्र में रहकर महत्वपूर्ण जानकारियां जुटा कर वाहन चोरों व लूट के अपराधियों की गतिविधियों पर निगरानी रखी। इसके अलावा वाहन चोरी के बाद मे उपयोग में लिए जाने वाले रास्तों को चिन्हित कर जगह-जगह लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देख कर सभी टोलों पर और नाकों पर नाकाबंदी करवाई गई। टोल प्लाजा बहला जिला अलवर में टोल कर्मियों ने ट्रक को रोका तो आरोपियों ने टोल कर्मचारियों पर फायरिंग कर दी। सूचना मिलने पर टीम मौके पर पहुंची तो दो आरोपित फरार हो गए, लेकिन सरगना जैद उर्फ जावेद उर्फ लकोरी को गिरफ्तार कर लिया गया। इसी प्रकार हरमाड़ा पुलिस ने सूने मकानों में चोरी करने वाले शातिर बदमाश को भी दबोचा है।

थानाधिकारी हरिपाल सिंह ने बताया गिरफ्तार चोर अखिलेश कुमावत (24) नाहरी नाका शास्त्री नगर का रहने वाला है, जिसके कब्जे से चोरी का माल बरामद किया गया है। आरोपित बाइक लेकर गली-गली घूमकर सूने मकानों की रेकी करता है और फिर रात के समय वारदात को अंजाम देता है।

मुख्यमंत्री, गृहमंत्री भी हैं, जिन्होंने पुलिस को अपने विधायकों की जासूसी के लिए लगा रखा है : डॉ.पूनियां

श्रीगंगानगर/जयपुर। श्रीगंगानगर जिले के विजयनगर और घड़साना में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने जन आक्रोश महासभाओं को संबोधित किया, जहां किसानों-युवाओं का भारी जनसैलाब उमड़ा।

उन्होंने कहा कि जब मैं आपके बीच में आया हूं तो यह जो जन आक्रोश यात्रा है, यह किसी को लगता होगा कि यह राजनीति की यात्रा है, यह पार्टी की यात्रा है, यह जनता की यात्रा है और जनता की यात्रा इसलिए है कि मुझे एक पर्चा दिया है इसमें खूब सारी बातें लिखी हैं रायसिंहनगर में किसानों की सिंचाई की सुविधा की दिक्कत है, जो सीमा पार खेत हैं उनकी दिक्कत है, सहायता राशि नहीं मिलने से डिग्गियों के निर्माण में दिक्कतें आ रही है, किसानों का आबियाना माफ नहीं हो रहा, ट्रोमा सेंटर यहां पर नहीं है। शहीद भगत सिंह कॉलेज के लिये सरकारीकरण करने की डिमांड है, ऐसी बहुत सारी चीजें यहां के लोगों ने शिकायतों में लिखी हैं, इसका मतलब है कि यहां पर बहुत सारी तकलीफ तो दिखती हैं, लेकिन इससे भी ज्यादा तकलीफें यहां हैं, जिनका समाधान कांग्रेस की अशोक गहलोत सरकार ने नहीं किया, 2023 में भाजपा की सरकार बनने पर श्रीगंगानगर से लेकर पूरे राजस्थान के किसानों, युवाओं और माता-बहनों की तरक्की व स्वाभिमान के लिये कार्य करेगी।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने कहा था कि 10 तक गिनती गिनूंगा और राजस्थान के सारे किसानों का कर्जा माफ कर देंगे, किसान भाइयों 1500 दिन हो गए और 1500 दिन का नजारा यह है कि मैंने विधानसभा में यह सवाल लगाया कि बताइए कि अब तक राजस्थान के कितने किसानों की जमीन नीलाम हो गई, जवाब आया कि 18 हजार से अधिक किसानों की जमीन नीलाम हो चुकी है। मैंने दूसरा सवाल पूछा कि कितने किसानों ने कर्ज के कारण आत्महत्या कर ली, 200 से अधिक किसानों ने कर्ज से तंग आकर सुसाइड कर लिया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन में कोई किसान, गरीब मजदूर मेहनत कर अपने बच्चे को कोचिंग भेजता है, प्रतियोगी परीक्षा का फार्म भरवाता है, इस उम्मीद के साथ नौकरी लग जाए, राजस्थान में 30 प्रतिशत बेरोजगारी दर सबसे ज्यादा है, 70 लाख बच्चों ने परीक्षा दी और नौकरी की उम्मीद में जब परीक्षा देने सेंटर पर पहुंचता तो पता चलता है कि पेपर लीक हो गया।

पूनिया ने कहा कि यहां की पुलिस कमजोर हो गई, थाने नीलाम हो गए और राजस्थान के गृहमंत्री के यदि गुमशुदा की तलाश के पोस्टर लगा दोगे तो भी गनीमत है और आपको यह भी पता होगा कि राजस्थान का मुख्यमंत्री राजस्थान गृहमंत्री हैं, जिन्होंने पुलिस को अपने विधायकों की जासूसी के लिए तो लगा रखा है, लेकिन राजस्थान की जनता की सुरक्षा के लिए उनकी आपके प्रति गारंटी नहीं है, क्योंकि प्रदेश में जंगलराज जैसे हालात हैं।

मुझे पूरा भरोसा है कि हमारे 36 कौम के लोगों ने किसानो भाईयों ने, नौजवान भाईयों ने जिस तरीके से मुझे जो आशीर्वाद दिया है, मैं आपको भरोसा देता हूं 2023 में सरकार बदलेगी, भाजपा की सरकार बनेगी, लेकिन इस बार की भाजपा की सरकार यह कार्यकर्ता की सरकार होगी, जनता की सरकार होगी, राजस्थान में लंबे समय तक किसानों की भलाई के लिए, नौजवानों की भलाई के लिए, महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के लिए, पिछडों और दलित और वंचितों के लिए काम करेंगे।

श्रीगंगानगर जिले में आक्रोश महासभाओं में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ.सतीश पूनियां ने भाग लिया, जहां किसानों-युवाओं का भारी जनसैलाब उमड़ पड़ा।

- **श्रीगंगानगर जिले में जन आक्रोश महासभाओं को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने संबोधित करते हुए कहा, "मुझे पूरा भरोसा है कि सभी 36 कौम के लोगों के आशीर्वाद से राजस्थान में भाजपा की सरकार बनेगी"**
- **'राहुल गांधी ने किसान कर्जमाफी को लेकर जो झूठ बोला, उसके कारण राजस्थान के 18 हजार से अधिक किसानों की जमीनें नीलाम हो गई, 200 से अधिक किसान सुसाइड कर चुके'**

चिरंजीवी योजना में वाट्सएप पर मिलेगी मदद

जयपुर, (कासं)। प्रदेश में मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के लाभार्थियों को किसी भी प्रकार की परेशानी आने पर उसका तत्काल समाधान करने के लिए स्टेट हैल्थ एश्योरेंस एजेंसी द्वारा जल्द ही वाट्सअप हैल्प लाईन सेवा भी शुरू की जाएगी। स्टेट हेल्थ एश्योरेंस एजेंसी की मुख्य कार्यकारी अधिकारी शुचि त्यागी ने बताया कि इसके लिए विभाग की ओर से एक वाट्सअप नम्बर जारी किया जाएगा। जिसका विभिन्न माध्यमों से आमजन के बीच प्रचार-प्रसार किया जाएगा। अगर किसी लाभार्थी को योजना से संबंधित कोई भी समस्या होगी तो वह उस नम्बर पर मैसेज कर सकेगा। उस मैसेज को तत्काल ही संबंधित को भेजकर लाभार्थी की समस्या का समाधान करवाया जाएगा और योजना का लाभ सुनिश्चित करवाया जाएगा। त्यागी ने बुधवार को सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज होने वाली शिकायतों एवं उनके निस्तारण के संबंध में आयोजित समीक्षा बैठक को सम्बोधित करते हुए निर्देश दिए कि योजना का समयबद्ध व पूर्ण लाभ सुनिश्चित होना चाहिए। किसी लाभार्थी को योजना का लाभ लेने में कोई समस्या आ रही हो तो संबंधित अधिकारी उसका तत्काल समाधान करें। उन्होंने कहा कि कोई मामला जिला स्तर पर ही या प्रथम स्तर पर ही समाधान योग्य हो तो संबंधित उसका त्वरित निस्तारण करें।

'हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के लिये रोड मैप तैयार करें'

जयपुर, (का.प्र.)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार 26 जनवरी से प्रदेश में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान प्रारम्भ होगा। दो माह तक गांव, ब्लॉक, जिला एवं राज्य स्तर पर चलने वाले इस अभियान की सफलता सुनिश्चित करने हेतु राजस्थान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने जिला समन्वयक एवं प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी पदाधिकारी को निर्देशित किया है कि वे अपने प्रभार वाले जिलों में 15 जनवरी तक सभी ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों की बैठक लें। बैठक लेकर हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत् पार्टी द्वारा तय किये गये कार्यक्रमों से,ब्लॉक कांग्रेस पदाधिकारियों तथा ब्लॉक में रहने वाले प्रमुख कांग्रेसजनों को अवगत करवाते हुये दो माह तक चलने वाले इस अभियान के कार्यक्रमों पर चर्चा करें। इस कार्यक्रम को ब्लॉक स्तर तक ले जाने के लिए मंडल के गठन की कार्यवाही भी शुरू कर दी गई है। राजस्थान में एक विधानसभा में 11 मंडलों का गठन किया जाएगा। इसकी शुरुआत करते हुए बुधवार को 368 मंडल अध्यक्षों की घोषणा की गई है।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने राज्य मंत्रीमण्डल के सभी सदस्यों को निर्देशित किया है कि सभी प्रभारी मंत्री अपने प्रभार वाले जिलों के प्रमुख कांग्रेसजनों की बैठक लेकर जिला प्रभारी पदाधिकारी एवं जिला समन्वयक के साथ मिलकर इस अभियान के प्रतिदिन आयोजित होने वाले बूथ स्तरीय जनसम्पर्क कार्यक्रमों का रोड मैप तैयार करें।

- **अभियान को निचले स्तर तक ले जाने के लिए मंडल के गठन शुरू, 368 मंडलों में बनाए नए अध्यक्ष**

इसके बाद 20 जनवरी तक प्रदेश कांग्रेस कमेटी को रोडमैप भेजें। इसी के साथ सभी प्रभारी मंत्री हाथ से हाथ जोड़ो अभियान को लेकर प्रभार वाले जिलों में प्रवास के अपने कार्यक्रमों की जानकारी संबंधित जिला समन्वयक तथा प्रदेश कांग्रेस के जिला प्रभारी पदाधिकारी को उपलब्ध करवायें। उन्होंने बताया कि जिला प्रभारी पदाधिकारी एवं जिला समन्वयक प्रभारी मंत्री से समन्वय स्थापित कर अभियान को सफल बनाने हेतु अपने प्रभार वाले जिलों में समन्वय के साथ कार्य करेंगे।